# हादसों के बाद भी कंपनी नहीं ले रही सबक

**मौत से खिलवाड़ : बिना सुरक्षा उपकरणों के हो रही हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग, जान जोखिम में डालकर खंभों पर चढ़ रहे कर्मचारी**

नवभारत न्यूज

**बीना 3 मई. शहर के व्यस्ततम गांधी चौराहा पर इन दिनों बिजली विभाग की लाइन शिफ्टिंग का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है.**

विकास के नाम पर हो रहे इस कार्य में सुरक्षा मानकों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं. बिजली कंपनी के संरक्षण में ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे इस काम में मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के 25 से 30 फीट ऊंचे खंभों पर चढ़कर हाईटेंशन लाइनों से जूझ रहे हैं. यह स्थिति तब है जब क्षेत्र में पूर्व में कई बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन लगता है कि विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है. जानकारी के



अनुसार गांधी चौराहा पर लाइन शिफ्टिंग के दौरान जो नजारा दिखा, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था. भीषण गर्मी और ऊंचे खंभों के बीच कर्मचारी बिना हेलमेट, बिना सेफ्टी बेल्ट और बिना इंसुलेटेड जूतों के काम करते नजर आए. जान जोखिम में डालकर काम करना इन मजदूरों की मजबूरी बन चुकी है, क्योंकि ठेकेदार द्वारा उन्हें बुनियादी सुरक्षा साधन तक मुहैया नहीं कराए गए हैं. सवाल यह उठता है कि यदि काम के दौरान जरा सी भी चूक हुई या अचानक बिजली का प्रवाह शुरू हुआ, तो इन मजदूरों की जान का जिम्मेदार कौन होगा?

विद्युत वितरण कंपनी रखरखाव और विस्तार के कई कार्य खुद करने के बजाय ठेकेदारों से करवाती है. ठेकेदार के अंतर्गत दर्जनों की संख्या में मजदूर खंभा लगाने, तार खींचने और भारी-भरकम ट्रांसफार्मर चढ़ाने का जोखिम भरा कार्य कर रहे हैं. नियमों के मुताबिक, ऊंचाई पर काम करने वाले हर कर्मचारी के पास सुरक्षा टोपी, लाइफ लाइन बेल्ट और विशेष सुरक्षा किट होनी अनिवार्य है.

### लापरवाही बरकरार बनी हुई है

बीना और आसपास के क्षेत्रों में पूर्व में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें खंभे पर चढ़कर मरम्मत कार्य करते समय मजदूर करंट की चपेट में आए या ऊंचाई से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए. कई मामलों में मजदूरों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है. इन हादसों के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है. मनमानी का आलम यह है कि अधिकारियों के नाक के नीचे यह सब चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है. गांधी चौराहा जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की लापरवाही को देखकरनागरिक भी हैरान हैं. लोगों का कहना है कि बिजली कंपनी को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए. बिना सुरक्षा प्रबंधों के काम कराना न केवल मजदूरों के लिए खतरनाक है, बल्कि नीचे से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है. अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ठेकेदार पर नकेल कसते हैं या फिर किसी नए हादसे की पटकथा लिखी जाने का इंतजार करते हैं.

# परीक्षा एवं तनाव प्रबंधन पर हुई व्याख्यानमाला

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य एवं गतिविधियाँ कार्यक्रम के अंतर्गत, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में परीक्षा व तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया.**

आगामी वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में तनाव आना स्वाभाविक है, लेकिन इसे सही प्रबंधन से दूर किया जा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसकी सुव्यवस्थित रूपरेखा तैयार कर




सामंजस्य के साथ आगे बढ़ें. जब दृष्टि लक्ष्य पर केंद्रित होती है, तो तनाव स्वत: ही समाप्त हो जाता है. मुख्य वक्ता डॉ. सुनील साहू एवं डॉ. रेणु सोलंकी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. उन्होंने बताया कि ग्रुप मीटिंग और संवाद के माध्यम से विद्यार्थी अपनी पारिवारिक, आर्थिक और अध्ययन संबंधी समस्याओं का प्रभावी समाधान खोज सकते हैं. वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जय सोनी ने नकारात्मक विचारों के त्याग और सकारात्मकता को अपनाने के मनोवैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डाला. डॉ. अनिल मेहरोलिया ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए. संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने किया. डॉ. मनीष जैन ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर डॉ. अमर कुमार जैन, डॉ. संगीता कुंभारे, डॉ. शालिनी परिहार, डॉ. अखिलेश तिवारी सहित स्टाफ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

# गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**बंडा 3 मई. ग्राम छापरी स्थित ओम स्व सहायता समूह द्वारा संचालित खरीदी केंद्रों का नायब तहसीलदार ज्ञानचंद राय ने निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, भंडारण एवं खरीदी प्रक्रिया का जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के बैठने के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. अधिकारियों ने उपज की गुणवत्ता जांच, नमी मापन, तौल कांटों की शुद्धता तथा रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए.

### सुरक्षित रखें उपज

**सागर.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मौसम परिवर्तन और वर्षा की संभावना को देखते हुए जिले के संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी गेहूं, चना और मसूर की फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें और खुले में रखी उपज को तिरपाल आदि से ढक कर रखें, ताकि संभावित बारिश से फसल को नुकसान न हो. मंडी प्रभारी अधिकारियों और उपार्जन समिति के सदस्यों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों पर अनाज के बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध तत्काल सुनिश्चित किए जाए.

# स्काउट गाइड की कंपनी ने की सहभागिता

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. कल्पना चावला गाइड की छात्राओं द्वारा जनगणना महा अभियान के अंतर्गत स्व-जनगणना कार्यक्रम में सहभागिता की एवं ग्रामवासियों की स्व-गणना करने में सहयोग प्रदान किया.**

कल्पना चावला गाइड कंपनी, एकीकृत उमावि चितौरा एवं पद्मावती गाइड ओपन कंपनी सागर की गाइड शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक कृष्णा साहू के मार्गदर्शन में स्व-गणना अभियान में सहभागिता की गई. कल्पना चावला गाइड कंपनी, एकीकृत



उमावि चितौरा एवं पद्मावती गाइड ओपन कंपनी की गाइड शिवानी पटेल, सोनिका कोरी, सरस्वती लोधी, गुड़िया, नैना, नैन्सी, आकृति लोधी, आर्या साहू, अंशिका जैन, मानसी, पूजा, प्राची रैकवार, वर्षा यादव, हेमवती लोधी आदि द्वारा कैप्टन कृष्णा साहू के मार्गदर्शन में घर-घर जाकर स्व-जनगणना हेतु प्रेरित किया. इस दौरान मोबाइल के वर्जन, नेटवर्क, लॉगिन होने तथा जानकारी भरने में अधिक समय लगने एवं बार-बार साइट से बाहर होने जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा. गाइड कंपनी द्वारा ग्राम में मकान जनगणना की जानकारी देकर जागरूक किया.

# बालिकाओं को किया सम्मानित




नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. परियोजना स्तरीय लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन तिलकगंज वार्ड में किया गया.**

कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड की बालिकाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में सुपरवाइजर सारिका प्रजापति एवं स्वाती राय सहित तिलकगंज वार्ड की समस्त सहायिकाएं खुशबू, साविता, मालती, आशा, सुनीता एवं सरस्वती उपस्थित रहीं. लाडली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत बालिकाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही.

# चार पुरुषार्थों से मोक्ष की राह : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. जैन धर्म में मनुष्य जीवन को अत्यंत दुर्लभ और अमूल्य माना गया है. जैन धर्म की प्राप्ति,उत्तम संगति का मिलना,संयम धारण करना तथा देव, शास्त्र और गुरु का सान्निध्य पाना अत्यंत कठिन है. इन सबका संगम जब मनुष्य जीवन में होता है, तभी आत्मा के परमात्मा बनने की दिशा खुलती है.**

यह बात मुनिश्री अगर्भ सागर महाराज ने गौराबाई जैन मंदिर में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अवसर पर कही.



उन्होंने कहा कि केवल मनुष्य पर्याय में ही विवेक और बुद्धि का विकास संभव है. यही वह अवस्था है, जहां से जीव संसार सागर से पार हो सकता है. मुनिश्री ने चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका संतुलित और सही रूप से पालन करने वाला व्यक्ति ही जीवन के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है.

मुनिश्री ने कहा कि विशेष रूप से मोक्ष, जीवन का परम उद्देश्य है, जिसे पाने के लिए धर्म का आचरण अनिवार्य है.

# नीट यूजी परीक्षा हुई संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई.**

पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई. जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई थी एवं अलग-अलग केंद्रों पर राजस्व अधिकारियों की तैनाती की गई थी. परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को निर्देशों के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित कराया गया. नीट यूजी परीक्षा में जिले के पांच परीक्षा केंद्र पर 2733 परीक्षार्थी उपस्थित होना थे, जिसमें से 2655 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, 78 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. परीक्षा में 97.14 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे.

# विवाह समारोह में 6 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. गहोई वैश्य समाज सागर द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 6 जोड़ा विवाह बंधन में बंधे.**

अध्यक्ष सुरेंद्र सुहाने ने बताया कि 42 साल बाद समाज में समरसता बढ़ाने के लिए सामूहिक विवाह समारोह एतिहासिक रहा है. विवाह समिति के संयोजक मनोज डेंगरे ने बताया कि सभी वर-वधू के लिए समाज के दानवीरों ने उपहार प्रदान किए. विवाह की रस्में सुबह से शुरू हुई, मंच पर जयमाला कार्यक्रम किया गया, बाद में मंडप में पंडितजी द्वारा




वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराएं गए. प्रचार-प्रसार समिति संयोजक शरद गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में राजीव गुप्ता, रजनी गुप्ता, विकास गुप्ता, शोभा कटहरी, विवेक सिपोलया, स्वाती अभिषेक, शालू, आकाश गुप्ता, सपना, अनुराग रूसिया, कंचन विवाह बंधन में बंधे. सभी वर-वधू के लिए समाज ने प्रमाण पत्र प्रदान किए. इस दौरान नर्मदा प्रसाद ददरया, ओमप्रकाश रूसिया, डॉ राजेन्द्र चउदा, डॉ संजीव कठल, वीरेन्द्र सुहाने, सचिन सिपोलिया, निकेश गुप्ता, राजेन्द्र कुरेले आदि मौजूद थे.



# व्यापारी संघ का हुआ गठन

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र साबूलाल मार्केट में व्यापारी संघ का गठन किया गया. इस दौरान सर्वसम्मति से आशुतोष पराग बजाज को अध्यक्ष एवं डॉ. आनंद जैन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया.**

बैठक में व्यापारियों ने कहा कि श्री बजाज के मार्गदर्शन में मार्केट के विकास, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन की मजबूती के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे. नवनियुक्त अध्यक्ष श्री बजाज ने कहा कि वे सभी को साथ लेकर चलेंगे तथा मार्केट के समग्र विकास और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे. इस अवसर पर व्यापारियों की समस्याओं एवं सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई. कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. आनंद जैन, गुड्डा यादव, अरुण जैन, मु. तय्यूब, राम सेवक सोनी, किशोर नेमा, हमीद मंसूरी, सतीश जैन, हरिराम सचदेव, राजकुमार साहू, अरविन्द साहू, मुकेश साहू, कंछेदी पटेल, सोकत, शोएब, सौरभ मौजूद थे.

### स्कूलों में समर कैंप

**सागर.** जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 1 मई से समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ है. इस पहल का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है जिसमें उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न रचनात्मक और खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है. समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट, रचनात्मक गतिविधियां एवं कौशल विकास से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है. समर कैंप का समय प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक रखा गया है, ताकि बच्चे गर्मी से बचते हुए सहज वातावरण में भाग ले सकें.

# गोपालगंज मुक्तिधाम में साफ-सफाई की

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. संकल्प फाउंडेशन द्वारा गोपालगंज स्थित मुक्तिधाम परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया.**

संस्था के अध्यक्ष रिशांक तिवारी की अगुवाई में आयोजित इस अभियान में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और श्रमदान करते हुए पूरे परिसर की साफ-सफाई की. जानकारी के अनुसार, बीते कुछ दिनों से मुक्तिधाम परिसर में फैली गंदगी को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार असंतोष की स्थिति बनी हुई थी. अंतिम संस्कार जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्य के लिए आने वाले लोगों को गंदगी और अव्यवस्था के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था.



स्थानीय लोगों द्वारा संकल्प फाउंडेशन को इसकी सूचना दी गई तथा समस्या के समाधान हेतु सहयोग की बात रखी गई. इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए संकल्प फाउंडेशन ने इसे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया और त्वरित पहल करते हुए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया. अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम परिसर में फैले कचरे को हटाया, झाड़ू लगाकर व्यापक सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप देने का प्रयास किया. अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा मुक्तिधाम केवल एक स्थान नहीं बल्कि हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा है. यहां की स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. इस अवसर पर शुभम नामदेव, गणेश सेन, नीरज करोसिया, विशाल तोमर, शुभम पहलवान, स्वराज उपाध्याय, मोनू लारिया, कार्तिक जाटव, कमलेंद्र जाटव, हिमांशु साहू, लव कुमार, राजा जाटव, ध्रुव मिश्रा आदि मौजूद थे.

# धामोनी मस्जिद में लगे ताले उर्स के पूर्व खुलवाए जाएं

**कमेटी अध्यक्ष ने पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय निदेशक को सौंपा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक धामोनी वाले बाबा की दरगाह इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने पुरातत्व विभाग मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक को ज्ञापन सौंपकर धामोनी तहसील बंडा के होने वाले सालाना उर्स को दृष्टिगत रखते हुए दरगाह परिसर स्थित 900 साल पुरानी धामोनी मस्जिद का ताला खुलवाने की मांग की हैं.**

दरगाह इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष श्री खान ने ताला खुलवाने को लेकर पुरातत्व विभाग को लिखे पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि धामोनी वाले बाबा की दरगाह परिसर में मस्जिद का निर्माण 900 साल पूर्व



हिजरी सन 1085 ( 1676 ईस्वी ) में हुआ था तब से लेकर अब तक मुस्लिम धर्मावलंबी उक्त मस्जिद में पांच टाईम की नमाज पढ़ते आ रहे हैं. विगत 10 सितंबर 2024 को पुरातत्व विभाग उप मंडल के अमलें के द्वारा किसी भी सक्षम प्राधिकारी के बिना आदेश के मस्जिद में ताला डाल दिया गया हैं. जिससे मुस्लिम धर्मावलंबी नमाज नहीं पढ़ पा रहे हैं. ज्ञापन कहा हैं कि उर्स 8 से 10 मई तक विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न होगा.

# अवैध कब्जों के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 मई. सार्वजनिक सुरक्षा और विधिक नियमों के उल्लंघन को लेकर जनपद के अधिवक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाया है.**

ललितपुर से राजघाट तक जाने वाली मुख्य सड़क पर पीडब्ल्यूडी और ग्राम सभा की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को लेकर अधिवक्ता संवाद के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है. अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल, जिसमें अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत लोधी, देवसिंह लोधी, अरुण कुमार एवं शेरसिंह



यादव शामिल रहे, ने प्रशासन को अवगत कराया कि ललितपुर से राजघाट के बीच स्थित दर्जनों गांवों में रोड कंट्रोल एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. बिना सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनुमति और बिना भू-उपयोग परिवर्तन के, सड़क की हद के भीतर बड़े पैमाने पर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं. ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि इन अवैध निर्माणों और उनके सामने खड़े होने वाले वाहनों के कारण सड़क अत्यंत संकरी हो गई है. विधिक मानदंडों की अनदेखी का परिणाम यह है कि इस मार्ग पर दुर्घटनाएं अब सामान्य बात हो गई हैं, जिनमें कई नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है.

**जनगणना** | **जिलेवासी अधिकारी-कर्मचारियों का मकान गणना में करें सहयोग : कलेक्टर**

# मकान गणना के लिए 5326 प्रगणक, 929 सुपरवाइजर तैनात

नवभारत न्यूज

**सागर 3 मई. जनगणना महाअभियान के तहत मकान गणना का कार्य एक मई से शुरू हो गया है.**

यह 30 मई तक चलेगा, जिसमें जिले के अधिकारी, कर्मचारी जिलेवासियों के समक्ष पहुंचकर मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे. जिले के वासी अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग कर जनगणना के अंतर्गत मकानगणना में सहयोग करें और महाअभियान को सफल बनाएं. उक्त अपील कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिलेवासियों से की है. कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आगामी एक मई से 30 मई तक जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे. जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके. सही और सटीक जानकारी देकर आप देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, साथ ही सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें. इस दौरान जिले में 5327 प्रगणक जिसमे 4827 ऑन ड्यूटी एवं 499 रिजर्व एवं 830 ऑन ड्यूटी एवं 99 रिजर्व सुपरवाइजर मकानगणना का कार्य करेंगे. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि मकान भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा.